पेज थ्री देहरादून


शंकराचार्य से मुलाकात करते विस अध्यक्ष।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### मुकेश सुंदरियाल मंडल महामंत्री नियुक्त

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा के रायपुर मंडल अध्यक्ष रुद्रेश कुमार शर्मा ने रायपुर मंडल की कार्यकारिणी का गठन किया। कार्यकारिणी में माजरी माफी के पूर्व प्रधान मुकेश सुंदरियाल को मंडल महामंत्री नियुक्त किया गया। इस अवसर पर श्री सुंद्रियाल ने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा और सरकार की योजनाएं जनता तक पहुंचाई जाएगी। इसके साथ ही क्षेत्र की हर समस्याएं संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखी जाएंगी।

### न्यू कैंट रोड पर होगा मसूरी विधायक गणेश जोशी का कार्यालय

**संवाददाता** देहरादून। मसूरी विधायक गणेश जोशी का अब नया कार्यालय न्यू कैंट रोड़ स्थित दून वन काम्प्लेक्स में होगा। शुक्रवार को मसूरी विधायक गणेश जोशी ने विधिवत रुप से हवन पूजा कर कार्यालय का सोशल डिस्टिंसिग के बीच उद्घाटन किया। उन्होनें कहा कि मेरी कोशिश होती है कि मैं हर समय जनता के लिए उपलब्ध रहूँ। इस अवसर पर विधायक जोशी की धर्मपत्नी निर्मला जोशी, डीडी जोशी, कंचन जोशी, पार्षद भूपेन्द्र कठैत, वरिष्ठ भाजपा नेता आरएस परिहार, डा0 ओपी कुलश्रेष्ठ, महामंत्री सुरेन्द्र राणा, निरंजन डोभाल, मंजीत रावत, अनुज रोहिला आदि उपस्थित रहे।

### श्रम कल्याण बोर्ड से दमयंती को भी बाहर का रास्ता दिखाए सरकार

**संवाददाता** देहरादून। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि श्रम विभाग के भवन निर्माण एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में सचिव पद पर प्रतिनियुक्ति के तहत तैनात दमयंती रावत, जिनको आज तक शिक्षा विभाग (मूल विभाग) ने एनओसी जारी नहीं की तथा न ही शिक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री ने स्वीकृति प्रदान की, आज तक पद पर बनी हुई हैं। श्रम मंत्री हरक सिंह रावत की सरपरस्ती में दमयंती करोड़ों रुपए का बजट गरीब श्रमिकों, कर्मकरों की आड़ में ठिकाने लगा चुकी हैं।

### स्पीकर अग्रवाल ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया

**संवाददाता** ऋषिकेश। बीती रात्रि नटराज चौक से बाला जी के बगीचे के समीप तेज गति से आ रहे ट्रक ने बागड़ी लोहार के एक ही परिवार के 4 लोगों को रौंद दिया जिसमें तीन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद अग्रवाल ने पंडित शांति प्रपंन्न शर्मा राजकीय संयुक्त चिकित्सालय पहुंचकर घायल के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की एवं मृतकों के प्रति शोक प्रकट किया।

# 'सभी विभाग तेजी से अपनी प्रगति बढ़ायें: जिलाधिकारी

**समीक्षा**

■ डीएम ने किया केन्द्रीय पोषित, राज्य पोषित, जिला योजना और बाह्य सहायतित योजनाओं की समीक्षा

■ योजना में संतृप्त विभागीय अधिकारियों को दी सख्त हिदायत

**संवाददाता**



देहरादून। जिलाधिकारी डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में केन्द्रीय पोषित, राज्य पोषित, जिला योजना और बाह्य सहायतित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिला योजना, राज्य योजना, केन्द्रपोषित वाह्य सहायतीत एवं बीस सूत्रीय कार्यक्रमों में अभी तक प्राप्त की गयी प्रगति की समीक्षा की गयी।

बैठक में जिला योजना की समीक्षा के दौरान कई विभागों द्वारा अभी तक लक्ष्य के सापेक्ष काफी कम धनराशि व्यय करने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताते हुए योजना में संतृप्त विभागीय अधिकारियों को सख्त हिदायत दी की जिला योजना अन्तर्गत आंवटित धनराशि हरहाल में माह दिसम्बर तक शत् प्रतिशत् व्यय करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विभागों को विभिन्न मदों में अपने खर्च की वित्तीय प्रगति बढाने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगली बैठक तक जो विभाग अपनी खर्च की प्रगति सुधार नही लाएगें। उनकी जवाबदेही तय करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। विशेषकर जो विभाग अभी तक प्रगति में 'डी' व 'सी' श्रेणी में बने हुए हैं वे प्रगति में त्वरित सुधार करते हुए यथाशीघ्र 'ए' व 'बी' श्रेणी में आयें।

जिलाधिकारी ने अर्थ एवं संख्याधिकारी को भी निर्देशित किया कि विभिन्न विभागों की अवमुक्त की जाने वाली धनराशि को भी तत्काल अवमुक्त कर दें तथा विभागों से प्रगति विवरण का विवरण भी लगातार अद्यतन करते रहें। उन्होंने कृषि, उद्यान, भेषज, पशुपालन, रेशम, मत्स्य पालन जैसे नॉन कन्स्ट्रक्शनल विभागों को निर्देशित किया कि दिसम्बर माह में होने वाली समीक्षा बैठक में ऐसे सभी विभाग अपने–अपने आउटकम का प्रजेन्टेशन देंगे जो भी वे अपने विभिन्न कार्य कर रहे हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नितिका खण्डेलवाल सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### दून जिले में कोरोना संक्रमितों की संख्या 16585 पहुंची

देहरादून। जिलाधिकारी डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया है कि जनपद में कोरोना वायरस संक्रमण के दृष्टिगत प्राप्त हुई रिपोर्ट में 44 व्यक्तियों की रिपोर्ट पॉजिटिव प्राप्त होने के फलस्वरूप जनपद में आतिथि तक कोरोना से संक्रमित व्यक्तियों की संख्या 16585 हो गयी है, जिनमें कुल 14655 व्यक्ति उपचार के उपरान्त स्वस्थ हो गये हैं। वर्तमान में जनपद में कुल 1229 व्यक्ति उपचाररत हैं। इसके अतिरिक्त जनपद में आज जांच हेतु कुल 1820 सैम्पल भेजे गये। कोविड–19 संक्रमण के दृष्टिगत बचाव एवं रोकथाम हेतु जनपद अन्तर्गत विभिन्न चिकित्सालयों में वर्तमान में 200 आईसीयू बैड रिक्त हैं। जनपद में सार्वजनिक स्थानों पर मास्क का उपयोग न करने पर 212 व्यक्तियों के चालान किये गये। आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों द्वारा जनपद अन्तर्गत 39690 व्यक्तियों का सर्विलांस किया गया है। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण टीम द्वारा शेरपुर पेलियों में भ्रमण एवं निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा इस दौरान 53 घरों का सर्वे किया गया, निरीक्षण के दौरान किसी भी घर में मच्छर का लार्वा नही पाया गया। डेंगू नियंत्रण हेतु लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

# दशहरे के अवसर पर नहीं लगेगा मेला

**अपील**

■ जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को दशहरे की शुभकामनाएं दी

■ त्यौहार को अपने परिवार के साथ घर पर ही मनाने का अपील की

देहरादून। **संवाददाता**

जिलाधिकारी डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए जनमानस से दशहरे के त्यौहार को शालीनता से मनाने तथा कोविड–19 संक्रमण के दृष्टिगत धार्मिक स्थलों, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ एकत्रित न करने की अपेक्षा की तथा त्यौहार को अपने परिवार के साथ घर पर ही मनाने का अपील की है।

जिलाधिकारी ने अवगत कराया है वर्तमान में कोविड–19 संक्रमण के नियंत्रण हेतु क्रियान्वित तालाबन्दी के सम्बन्ध में मुख्य सचिव उत्तरखण्ड शासन द्वारा जारी आदेश अन्तर्गत क्रमवार तालाबन्दी की क्रमवार समाप्ति आदेश (अनलॉक–1,2,3,4,5) कर नवीन मानक प्रचालन विधि (एस.ओ.पी) जारी की गई है।

जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि भारत सरकार एवं उत्तराखण्ड सरकार द्वारा जारी गाईडलाईन में वर्णित प्राविधानों के अनुसार कोविड–19 संक्रमण के प्रसार की रोकथाम हेतु इस वर्ष विजयदशमी (दशहरा) का मुख्य पर्व पर किसी भी धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं को एकत्रित होने में अग्रिम आदेशों तक प्रतिबन्ध रहेगा तथा दशहरे के अवसर पर आयोजित होने वाले मेलों को प्रतिबन्धित किया गया है आदशों के उल्लंघन की दशा में महामारी अधिनियम के अन्तर्गत वर्णित प्राविधानों के अन्तर्गत कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

जिलाधिकारी द्वारा जनपद क्षेत्रान्तर्गत कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु नगर मजिस्ट्रेट सहित सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को तैनात किया गया है।

### सोशल डिस्टेसिंग एवं मास्क का उपयोग करने के निर्देश

जिलाधिकारी ने कहा कि कोविड–19 संक्रमण के दृष्टिगत पर्यटन स्थलों, होटल, रेस्टोरेंट, माल्स आदि स्थानों पर सोशल डिस्टेसिंग एवं मास्क का उपयोग करवाने, थर्मल स्क्रीनिग करवाने के निर्देश सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को दिए। उन्होंनें उप जिलाधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्रान्तर्गत जिला प्रशासन की टीम के साथ पुलिस का सहयोग लेते हुए बाजारों, मण्डियों आदि सार्वजनिक स्थानों मास्क का उपयोग न करने वाले एवं सामाजिक दूरी का पालन न करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### स्पीकर ने ट्रेंचिंग ग्राउंड की समस्या का शीघ्र समाधान करने को कहा

**संवाददाता** ऋषिकेश। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद अग्रवाल ने आज ऋषिकेश शहर के अंदर बने ट्रेचिंग ग्राउंड में पहुंचकर मुख्य नगर आयुक्त एवं अनेक पार्षदों एवं पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ ट्रेचिंग ग्राउंड से कूड़ा निस्तारण के लिए दूरभाष पर शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक, शहरी विकास सचिव शैलेश बगोली एवं मेला अधिकारी दीपक रावत से बातचीत कर इस समस्या के शीघ्र समाधान के लिए कहा। इस अवसर पर अग्रवाल ने कहा है कि शहर के अंदर से ट्रेचिंग ग्राउंड से कूड़ा निस्तारण के लिए वह लंबे समय से प्रयासरत है उन्होंने कहा है कि शासन स्तर पर ट्रेचिंग ग्राउंड से कूड़ा निस्तारण के लिए प्रस्ताव भेजा गया है उन्होंने शहरी विकास सचिव शैलेश बगोली एवं मेला अधिकारी दीपक रावत को निर्देशित करते हुए कहा है कि कुंभ से पहले इस कार्य का निस्तारण किया जाना चाहिए।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।